हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

11 आईटीआई में लगा रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए 882 युवाओं का चयन



12 अगस्त में एक सप्ताह से एक्टिव हो रहा डेंगू, अब तक 37 लोगों को एडीज ने मारा डंक



## सेटिंग के चलते जीआरपी नहीं ले रही एक्शन, ईआरवी के एक्शन पर लगाने लगे थे आरोप

# स्टेशन पर ऑटो चालकों की दादागिरी, गेट के बीचोंबीच लगा रहे ऑटो, यात्रियों का निकलना हुआ मुश्किल

■ रेलवे स्टेशन के मेन गेट से बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर एक बार फिर ऑटो रिक्शा चालकों ने कब्जा जमाना शुरू कर कर दिया है। गेट के बींचोबीच ऑटो लगाकर सवारियां बैठाने से स्टेशन के आवागमन का रास्ता बंद हो जाता है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जीआरपी सेटिंग के चलते ऑटो चालकों के खिलाफ एक्शन नहीं ले रही। सिटी पुलिस का एक्शन पूर्व में ऑटो चालकों के लिए आरोप लगाने का हथियार बन गया था, इसलिए पुलिस फिर से ऐसा एक्शन लेने से बच रही है।

रेलवे स्टेशन के मेन गेट से बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। जिस समय कोई ट्रेन आती है, उसी समय बड़ी संख्या में ऑटो चालक अपने वाहन गेट पर खड़ा कर देते हैं। उनमें सवारियां उठाने की होड़ लगी रहती है। कई बार हालात ऐसे होते हैं कि स्टेशन में वाहन ले जाना तो दूर, पैदल यात्रियों तक का रास्ता रोक दिया जाता है। रेलवे स्टेशन के गेट के बाहर ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार जीआरपी के पास है, जबकि अंदर आरपीएफ एक्शन ले सकती है। जानकार सूत्रों के अनुसार जीआरपी से सेटिंग के कारण इन ऑटो चालकों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता। दैनिक रेल यात्री अशोक कुमार, विकास, अनिल कुमार, राजेश व सुमित आदि ने बताया कि कई बार ऑटो रास्ते में खड़ा होने के कारण उनके लिए पैदल निकलकर स्टेशन पर जाना भी मुश्किल बना रहता है। इससे ट्रेन निकलने की आशंका भी बनी रहती है।

आए दिन मेन गेट पर ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है, परंतु जीआरपी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं कर जा रही है। जब भी मनमानी करने वाले ऑटो चालकों पर शिकंजा कसा जाता है, नेतागिरी में माहिर लोग नारेबाजी के सहारे दबाव बनाने की मुहिम शुरू कर देते हैं। अनर्गल आरोपों से दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती, जिसका खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।





रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन पर रास्ता रोके खड़े ऑटो चालक, रेलवे स्टेशन के गेट पर सवारी भरते ऑटो चालक, रेलवे स्टेशन के गेट पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े ऑटो। फोटो :हरिभूमि

### स्टेशन पर आरपीएफ की चौकसी

पहले ऑटो चालक अपने वाहनों को रेलवे स्टेशन के परिसर में अंदर तक ले जाकर सवारियां भरते थे। आरपीएफ ने ऐसे ऑटो चालकों पर शिकंजा कसते हुए उनके अंदर प्रवेश पर रोक लगा दी थी। ऑटो चालकों ने दबाव बनाने के लिए आरपीएफ स्टाफ पर मंथली के आरोप लगाने शुरू कर दिए थे, परंतु आरपीएफ अधिकारियों ने ऐसे आरोपों की कोई परवाह नहीं की। आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में ऑटो के प्रवेश को पूरी तरह बंद कर दिया, जिससे अंदर का एरिया खाली नजर आता है।

### एक्शन के बाद आरोपों का सहारा

बीते दिनों रेलवे स्टेशन के गेट पर ऑटो खड़ा करके रास्ता अवरुद्ध करने पर एक ईआरवी मौके पर पहुंच गई थी।

समझाने के बाद भी जब ऑटो चालकों ने अपने वाहन वहां से नहीं हटाए, तो पुलिसकर्मियों ने कई ऑटो चालकों पर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। इसके बाद कुछ ऑटो चालक सरकारी अस्पताल में दाखिल हो गए थे। ऑटो चालकों ने पुलिस पर मनमानी करने और मंथली नहीं देने पर लाठियां भांजने के आरोप तक लगाने शुरू कर दिए थे। इसके बाद सिटी पुलिस की ओर से भी मनमानी करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ एक्शन लेने से बचा जा रहा है।

### बाहरी एरिया अधिकार क्षेत्र से बाहर

स्टेशन परिसर से बाहर का एरिया हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। बाहर सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण गेट पर खड़े होने वाले ऑटो से जाम लगता है। अगर सड़क क्लियर हो तो आवागमन सही बना रहता है। सड़क पर रेहड़ियां जाम का कारण बन जाती हैं।

-विनोद कुमार जांगड़े, इंस्पेक्टर, आरपीएफ।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 15 को रेवाड़ी में

रेवाड़ी। उद्योग-वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह 15 अगस्त को दोपहर 2 बजे कालाका रोड स्थित निवास पर समर्थकों की बैठक लेंगे। कैबिनेट मंत्री के निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव ने बताया कि राव नरबीर सिंह 15 अगस्त को दोपहर एक बजे नारनौल रोड़ स्थित गोपाल देव चौक पर एक सामाजिक कार्यक्रम के पश्चात 2 बजे अपने निवास पर समर्थकों से मिलेंगे।



राव नरबीर सिंह।

### नांगल मूंदी में पांच दिवसीय राहत शिविर का शुभारंभ

रेवाड़ी। गांव नांगल मूंदी में गोगा जी एवं गुरु गोरखनाथ के श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दूसरे राहत शिविर का शुभारंभ किया गया। मास्टर कुलजीत यादव ने बताया कि नांगल मूंदी बस स्टैंड स्थित मैरिज पैलेस में 15 अगस्त तक पांच दिवसीय राहत शिविर एवं भंडारे का आयोजन होगा। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित शिविर में श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था, ठहरने की सुविधा, महिला श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था और दवाओं की भी सुविधा की गई।

### मारपीट मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। ढाकिया में जुलाई माह में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर आरोपियों के खिलाफ 22 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद ढाकिया निवासी गीता देवी, पूनम, सुशीला देवी, राममेहर, रवि कुमार, बलजीत, कर्मजीत व सोमवीर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट व धमकी का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने जलवास गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 7 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी जयपाल को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घर में घुसने का आरोपी किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने घर में घुसने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में मुक्तिवाड़ा निवासी जुगल किशोर ने बताया कि उसके घर में यूपी के सुल्तानपुर निवासी रिंकू उर्फ दिव्यांशु उसके मकान में एक महिला के साथ घुस गया। पता चलने के बाद वह मौके पर पहुंचा, तो महिला वहां से फरार हो गई। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### जर्जर सड़क रिपेयर कराने की मांग

डहीना। निमोठ के ग्रामीणों ने वाया कपूरी कनीना जाने वाली सड़क की रिपेयर कराने की मांग की है। शिवकुमार, विनोद कुमार, सत्यवान, सोमबीर, सुभाष व अनिल आदि ग्रामीणों ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड की ओर से बनवाई गई यह सड़क कपूरी तरह बदहाल हो गई। बारिश के बाद सड़क में मोटे गड्ढे बन गए हैं, जिनसे हादसों की आशंका बनी रहती है। लोगों का सड़क से पैदल निकलना भी मुश्किल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क तुरंत सुध लेने की मांग की है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी, विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। पुलिस टीम लोगों से नशा करने वालों की जानकारी एकत्रित करके तथा उनकी काउंसलिंग कराकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित भी कर रही है। सोमवार को गवर्नमेंट स्कूल गांव सुठाना, पिथनवास, सांपली, आशियाकी पांचौर व मुकुंदपुर बसई में विद्यार्थियों व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया और नशा न करने की शपथ भी दिलाई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना नि:संकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि अगर आपके पास किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है,कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

### परिवार से मारपीट करने पर तीन महिलाओं सहित पांच पर केस दर्ज

कोसली। टूमना गांव की एक विधवा महिला ने सोलर पैनल के अर्थिंग प्वाइंट लगाने को लेकर अपने पड़ोसी परिवार की तीन महिलाओं सहित पांच लोगों पर अभद्र व्यवहार, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। सुनीता ने पुलिस को बताया कि 4 अगस्त शाम को वह सोलर की अर्थिंग के लिए अपनी दीवार के पास एक तार दबवा रही थी कि उनके पडोसी सुरेश व सरपंच के एतराज करने पर उन्होंने काम बंद करा दिया। सोलर मैकेनिक के जाने पर सुरेश उन्हें अभद्र गालियां देने लगा।

मौके पर सुरेश की बहन भी आ गई तथा दोनों ने उनके घर के अंदर आकर उनके साथ मारपीट की। इसी दौरान सुरेश के लड़के सतीश ने अभद्रता की। उसके पिता छुड़ाने के लिए आए तो सुरेश ने उनके सिर पर डंडे से चोट मारी। सुरेश की पत्नी सविता व सावित्री ने उनकी मां के साथ मारपीट की। बाद में वे सभी कोसली अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उन्हें रेवाड़ी अस्पताल भेज दिया। सूचना पर पुलिस ने गांव में मौके की जांच के बाद पांचों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## शांति भंग करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कुंड चौकी पुलिस ने शराब के नशे में गाली गलौच व शोर शराबा करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला महेंद्रगढ़ गांव नसीबपुर निवासी सोनू, राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव लखीवास निवासी निखिल व गांव बुडोली निवासी अंकित शर्मा के रूप में हुई है। गांव मनेठी निवासी रामकिशन का कुंड बस स्टैंड पर होटल है। गत 10 अगस्त को होटल में हर रोज की भांती शाम को कुछ लोग अपने परिवार सहित खाना खा रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में आए तीन युवकों ने होटल पर गाली गलौच करके हंगामा करना शुरू कर दिया। उनके काफी समझाने के बाद भी तीन युवक गाली गलौच करते रहे। उनमें से एक युवक अपना नाम सोनू निवासी नसीबपुर बता रहा था। बाद में तीनों युवक अपनी बाइक पर बैठकर चले गए। सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश की तथा तीनों आरोपियों को कुंड बैरियर से आगे होटल कैफीड से काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## इस सप्ताह के मध्य एक बार फिर बारिश की संभावना, उमस भरी गर्मी जमकर छुड़ा रही पसीना

# भारी गर्मी ने जमकर किया परेशान, बादलों के बावजूद नहीं हुई बारिश

■ सड़ी हुई गर्मी के कारण मच्छर भी तेजी से पनपने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सावन माह खत्म होने के बाद आसमान में बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही लौट जाते हैं। हवा में नमी का स्तर ज्यादा रहने से उमस भरी गर्मी जमकर परेशान करने लगी है। तीन दिन पूर्व बारिश से जो राहत मिली थी, वह अब दूर हो चुकी है। इस सप्ताह के मध्य पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता एक बार फिर बारिश ला सकती है। सोमवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक बादल साफ होने के बाद धूप निलते ही उमस बढ़ गई। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.0 डिग्री पर पहुंच गया। बीते शनिवार को बारिश के बाद यह 28.5 डिग्री पर आ गया था, जिससे भारी गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई थी। रात का तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक उमस भरी गर्मी शुरू हो गई, जिससे शाम तक लोग पसीना-पसीना होते रहे। कूलरों की हवा चिपचिपाहट भरी साबित हो रही है, जिस कारण इससे लोग बचने लगे हैं।

सड़ी हुई गर्मी के कारण मच्छर भी तेजी से पनपने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में घने या आंशिक बादलों के बीच बूंदाबांदी व हल्की बरसात भी हो सकती है। 16 अगस्त से एक बार फिर बारिश की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान तापमान में उतर-चढ़ाव भी बना रहेगा। शाम के समय घने बादल छाने से बंदाबांदी की संभावना बनी हुई थी।

### पशुपालकों के लिए मौसम लाभदायी

सावन माह में औसत 300 एमएम तक बरसात के बाद खेतों में जमकर हरियाली छाई हुई है। इससे पशुपालकों को ज्यादा राहत मिल रही है। पशुओं के लिए हरा चारा आसानी से उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनकी दूध देने की क्षमता भी बढ़ रही है। सूखे चारे के दामों में हरे चारे की उपलब्धता से कमी दर्ज की गई है। दूसरी ओर अभी तक मौसम बाजरा व कपास की फसलों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है, जिससे अच्छा खरीफ उत्पादन होने की संभावना है। बाजरे की फसल का उत्पादन अच्छा होने से भी पशुपालकों को सस्ता पशुचारा मिल सकेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में तैयार हो रही बाजरे की फसल। फोटो :हरिभूमि

# नोटिस के बावजूद चल रहीं फैक्ट्रियां, सीएम फ्लाइंग ने कटवाए बिजली कनेक्शन

■ सत्तापक्ष के नेता का करीबी बताया जा रहा एक फैक्ट्री मालिक

■ नेता का फोन आने के बाद भी नहीं माना दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नसिया जी में प्रदूषण फैला रही दो यूनिटों को बंद कराने व उन्हें दूसरे इलाके में शिफ्ट कराने के लिए प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के क्लोजर नोटिसों का फैक्ट्री मालिकों पर कोई असर नहीं हुआ। आखिरकार सोमवार को सीएम फ्लाइंग एक्शन में आ गई। सीएम फ्लाइंग ने दोनों फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन कटवा दिए। एक फैक्ट्री सत्ता पक्ष के नेता के करीबी बताई जा रही है, कार्रवाई नहीं करने के लिए नेता की ओर से फोन किया गया। सीएम फ्लाइंग ने बिना किसी दबाव में आए अपनी कार्रवाई को अंजाम दे दिया। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम नसियाजी रोड पर पर बिजली निगम की टीम के साथ पहुंची। वहां चल रही उमराव इंटरप्राइजेज और सचिन मेटल के बिजली कनेक्शन कटवा दिए। फ्लाइंग के मुताबिक रिहायशी इलाके में चल रही दोनों फैक्ट्यिों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के लिए कुछ समय पूर्व हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से क्लोजर नोटिस जारी किए गए थे। दोनों फैक्ट्रियों पर दूषित पानी बिना ट्रीट किए छोड़े जाने के आरोप हैं। फैक्ट्री मालिकों पर बोर्ड के नोटिसों का कोई असर नहीं हुआ। इस बात की जानकारी सीएम फ्लाइंग को मिली, तो फ्लाइंग टीम ने सोमवार को दोनों फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन कटवा दिए।




रेवाड़ी। फैक्ट्री में मौजूद सीएम फ्लाइंग व बिजली निगम के अधिकारी, फैक्ट्री में कार्रवाई करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई के साथ फोन बजने शुरू

जानकार सूत्रों के अनुसार सीएम फ्लाइंग की दोनों फैक्ट्रियों के बिजली कनेक्शन कटवाने की कार्रवाई शुरू होते ही टीम प्रभारी के पास प्रभावशाली के नेता का फोन आ गया। टीम को ऐसा नहीं करने के लिए कहा गया, परंतु टीम ने बिना किसी दबाव में आए अपने काम को अंजाम दे दिया। टीम के अनुसार बोर्ड की ओर से दिए गए नोटिसों को जग गंभीरता से नहीं लिया गया, तो कनेक्शन कटवाने की कार्रवाई अमल में लाई गई।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठकों के लिए आवश्यक सूचना
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

हरिभूमि सहेली

रोहतक ,मंगलवार
12 अगस्त 2025



स्वाधीनता दिवस विशेष

यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही है।

# आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

## पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

## उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

## खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

# इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन
रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

महात्म्य
आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

# जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

*कृष्ण वंदे जगतगुरुम।* यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।


**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकतर्व्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना



भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

# कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

आस्था
अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## खबर संक्षेप

### खुदीराम बोस को बलिदान दिवस पर किया याद

रेवाड़ी। सोमवार को आजादी आंदोलन के महान देशभक्त क्रांतिकारी योद्धा शहीद खुदीराम बोस के 116वें बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड रमेश चंद्र ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना, कविता निर्वाल, इंद्रजीत, रजनीश पंवार व टोनी सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एडवोकेट रमेश चंद्र ने कहा कि शहीद खुदीराम बोस को कमसिन उम्र में ही जालिम ब्रिटिश हुकूमत ने आज के दिन फासी के फंदे पर लटका दिया था। खुदीराम बोस देश के आजादी आंदोलन में एक ऐसी शख्सियत हैं, जिसने न सिर्फ अपनी कुबार्नी दी, बल्कि बाद के क्रांतिकारियों के सामने एक आदर्श पेश किया। खुदीराम बोस देश के आजादी आंदोलन में आने वाले तमाम देशभक्त क्रांतिकारियों के लिए सशस्त्र क्रांति का बिगुल फूंकने वाले सच्चे योद्धा थे। मास्टर प्रेम प्रकाश ने कहा कि यह देश इन शहीदों का ऋणी है। सही मायने में आज भी देश आजाद नहीं हुआ है। हमें शहीदों के आदर्श को जन-जन में फैलाते हुए एक और इंकलाब लाना होगा।

### आईटीआई में जुटे युवा, रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कर रहा है काम

# रोजगार मेले में अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए 882 युवाओं का हुआ चयन

**डीसी अभिषेक मीणा बोले बच्चों की स्किल पर विशेष फोकस करें शिक्षक।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय एवं सूक्ष्म, लघु और उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बावल, धारूहेड़ा, रेवाड़ी व मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों से 39 औद्योगिक कंपनियों ने भाग लिया। अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेला में डीसी अभिषेक मीणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि भारत सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका जिस भी कंपनी के लिए चयन होता है, वहां ईमानदारी और मेहनत से कार्य सीखें। डीसी ने कहा कि ये युवाओं की सफलता की पहली सीढ़ी है। जो युवा मेहनत से सीख कर आगे बढ़ता है, वह अपने जीवन में जरूर कामयाब होता है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार की रोजगार मेला पहल से युवा स्थायी नौकरियां भी हासिल कर चुके हैं। डीसी ने कहा कि आईटीआई प्रशिक्षक छात्रों की स्किल पर विशेष फोकस करते हुए कार्य करें ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो और उनको रोजगार में किसी प्रकार की कठिनाई न हो सकें। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के दौरान पंजीकरण से लेकर सलेक्शन तक की प्रक्रिया को पूर्ण रूप से डिजिटल करते हुए उसकी ट्रैकिंग करें।


रेवाड़ी। अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेले का अवलोकन करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो: हरिभूमि

**मेले में लगभग 39 कंपनियों ने भाग लिया**

आईटीआई के प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेले में लगभग 39 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न ट्रेड के अनुसार 6 हैल्प डेस्क स्थापित किए। मेले से पूर्व ऑनलाइन तथा मेले के दौरान ऑफलाइन व ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण भी किया गया ताकि अधिक से अधिक युवा रोजगार मेले का लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि आईटीआई विद्यार्थियों को कोर्स के दौरान छह सप्ताह की जॉब ट्रेनिंग भी प्रदान की जा रही है। प्रति वर्ष जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से लगभग साढ़े पांच हजार विद्यार्थी पास हो रहे हैं। प्लेसमेंट इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप व रोजगार मेले में 1132 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 882 विद्यार्थी विभिन्न कंपनियों के लिए सिलेक्ट हुए है, इसमें से 49 लड़कियां भी शामिल है।


रेवाड़ी। चेयरमैन बने अजय पटौदा समर्थकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

## अजय पटौदा के सिर चेयरमैन का ताज, बैंक चुनाव में मारी बाजी

■ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक हैं अजय पटौदा, राजेश मुद्गिल को चुना गया वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

दी रेवाड़ी सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन पदों के चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। इन चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक अजय पटौदा को चेयरमैन और राजेश मुद्गिल को वाइस चेयरमैन चुन लिया गया। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इन चुनावों में दोनों पदों के लिए 10 निदेशकों को मतदान करना था, जबकि दो वोट सरकारी हैं। बैंक के जीएम प्रशांत यादव ने बताया कि चुनाव में डीआरसीएस भिवानी के बंशीलाल पीठासीन अधिकारी थे। चुनाव वोटरों के हाथ खड़े कराकर कराए गए, जिनमें अजय पटौदा को सभी सरकारी और गैर सरकारी वोट मिले। वाइस चेयरमैन के लिए राजेश मुद्गिल के पक्ष में 9 हाथ उठे, जबकि दोनों सरकारी वोट भी उनके पक्ष में रहे। इसके बाद चेयरमैन और वाइस चेयरमैन पदों की घोषणा कर दी गई। प्रशांत यादव ने बताया कि दोनों कंडीडेट के विरोध में कोई चेहरा सामने नहीं आया, जिस कारण मतदान कराने की नौबत नहीं आई। पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे जिम्मेदारी नवनिर्वाचित चेयरमैन अजय पटौदा ने कहा कि उन्हें केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व उनके वरिष्ठ सहयोगी रवि यादव का आशीर्वाद लगातार मिलता रहा है। उनके आशीर्वाद के चलते ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है।

## ग्रामीणों ने डाबड़ी में कैंडल मार्च निकाला

■ 19 को मानव श्रृंखला बनाकर देंगे एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में सरकारी अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का धरना पिछले 56 दिन से लगातार चल रहा है। कमेटी की ओर से गांवों में कैंडल मार्च जन जागरण अभियान चलाकर लोगों का जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। कमेटी की ओर से 19 अगस्त को घरना स्थल से गांव बुड़ानी तक एकता का प्रतीक मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों की ओर से रविवार रात्रि को गांव डाबड़ी में कैंडल मार्च निकला गया व जनसभा में लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें सैकडों लोगों ने हिस्सा लिया। सोमवार को धरने पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, शेर सिंह मीरपुर, सुधीर कुमार एडवोकेट, राकेश कुमार, पृथ्वी सिंह बालियर खुर्द, एडवोकेट रमेश चन्द, महिपाल, इन्द्रजीत, सतबीर डोहकी, गजराज सिंह सुनारिया, दलीप कुमार जीतपुरा, अभय सिंह, बुधराम, दलीप, सुरेन्द्र सिंह, सतीश सरपंच बुड़ानी, एक्स सरपंच खजान सिंह, मोहर सिंह, रामकुमार, रामशरण, कृष्णा देवी सरपंच भगवानपुर, विमला, शीला, गीता देवी, राजेश्वरी, सुनीता, बाला, मंजू, रामगिरी, वीरमति, निर्मला, शकुंतला, आशा, सुनीता, राजबाला व कमला सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।


रेवाड़ी। गांव डाबड़ी में कैंडल मार्च निकालते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### बिजली पेंशनर वेलफेयर एसो. धूमधाम से मनाएंगी आजादी का उत्सव

रेवाड़ी। सोमवार को आजाद नगर स्थित माता रमा बाई सामाजिक उत्थान संस्था परिसर में नरेंद्र रोहिला प्रधान बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी बिजली पेंशनर्स उपस्थित थे। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त को हरिओम अग्रसेन अस्पताल कानोड़ गेट प्रांगण में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि बीर सिंह पूर्व एएफएम एवं वर्तमान ग्राम सरपंच तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लालचंद चांदना उपस्थित रहेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान से युवा शक्ति में जागृत हो रही देश प्रेम की भावना: शील मधुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

हरियाणा के पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चल रहा हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय एकजुटता का परिचायक है, जिसके माध्यम से युवा शक्ति में देश प्रेम की भावना जागृत हो रही है। पूर्व डीजीपी शील मधुर सोमवार को अपनी संस्था सादर इंडिया के बैनर तले शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा अभियान' की निरंतरता और 'नेशनल फ्लैग डे' की मांग के संदर्भ में रेवाड़ी पहुंचे। उन्होंने मॉडर्न इंडियन सीनियर सैकेंडरी स्कूल पाली और राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल माजरा भालखी में स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों को तिरंगे के महत्व, इतिहास, उसमें शामिल देशभक्ति एवं देश निर्माण के संदेश से अवगत कराया। पूर्व डीजीपी शील मधुर ने सभी शैक्षणिक संस्थानों से निवेदन किया कि अगले वर्ष आने वाले 22 जुलाई के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज दिवस धूमधाम से मनाने का निश्चय करें। उन्होंने कहा कि आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेशभर में सरकार के साथ ही सामाजिक संगठन भी राष्ट्र हित में अपनी भागीदारी कर रहे हैं। हमारे देश की संविधान सभा ने 22 जुलाई 1947 को तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रध्वज के रूप में स्वीकृत किया था।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते शील मधुर। फोटो: हरिभूमि

## शिक्षण संस्थानों में बुधवार को ली जाएगी मादक पदार्थों के खिलाफ सामूहिक शपथ

■ क्यूआर कोड के माध्यम से जुड़कर सामूहिक प्रतिज्ञा लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान यानि एनएमबीए की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ 13 अगस्त को सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी।

उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रतिज्ञाओं, शैक्षिक गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से नागरिकों को नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एक जन आंदोलन का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्यूआर कोड के माध्यम से जुड़कर सामूहिक प्रतिज्ञा में भाग लेकर मादक पदार्थों के सेवन न करने की शपथ अवश्य लें। डीसी ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने, नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, समस्या का आकलन, निवारक कार्रवाई, उपयोगकतार्ओं के उपचार और पुनर्वास, सूचना के प्रसार के सभी पहलुओं का समन्वय और निगरानी करता है। मंत्रालय ने नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया है, जो वर्तमान में देश के सभी जिलों में युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है।


डीसी अभिषेक मीणा। फोटो: हरिभूमि

## ग्रामीण क्षेत्रों में 15 तक चलाया जाएगा हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान

■ सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से 15 अगस्त तक चलने वाला हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग नामक अभियान चलाया जा रहा है। सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार ने अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रीय गौरव, साहस, शौर्य और अभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी ग्राम पंचायतों, ग्राम जल सेवा समितियों, एसएचजी और सामुदायिक हितधारकों की स्वच्छता में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ग्राम-स्तरीय स्वच्छता अभियान में वीडब्ल्यूएससीएस, एसएचजी, क्लबों के युवा और पंचायत सदस्य शामिल होंगे। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, जल निकायों, और जल एवं स्वच्छता सुविधाओं पर स्वच्छता रैली के माध्यम से छात्रों और युवाओं द्वारा स्वच्छता रैली, घरेलू स्तर पर रंगोली बनाना सड़कों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर सामुदायिक सफाई की जाएं। इस अभियान में पानी की टंकियां, स्त्रोत, नल कनेक्शन व पंप हाउस की सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। अपशिष्ट प्रबंधन और शौचालयों के रखरखाव की तकनीकों का प्रयोग कर जागरूकता लाई जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियां और स्वयं सहायता समूह जैसी ग्राम-स्तरीय संस्थाएं गतिविधियों के आयोजन कर जागरूक किया जाए।



रेवाड़ी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार। फोटो: हरिभूमि


रेवाड़ी। रामलीला मंचन को लेकर रिहर्सल के लिए पूजन करते क्लब के सदस्य।

## रामलीला उत्सव की तैयारियां शुरू

रेवाड़ी। श्रीराम मंदिर ड्रामेटिक क्लब रेलवे कॉलोनी की ओर से 65वें रामलीला उत्सव का आयोजन 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। श्री राम मंदिर ड्रामेटिक क्लब वर्ष 1961 में स्व. के एल वर्मा ने स्थापित किया था। उत्सव में दस दिन रामलीला मंचन व एक दिन सामाजिक नाटक का मंचन किया जाएगा। रामलीला मंचन के आयोजन के लिए क्लब के सदस्यों की ओर से सोमवार को श्री राम मंदिर, रेलवे कॉलोनी में प्रभु श्रीराम चन्द्र का पूजन रेवाड़ी में किया गया व उस के साथ करके रामलीला की रिहर्सल शुरू कर दी गई है। क्लब के सचिव के के सक्सेना ने बताया कि रामलीला की रिहर्सन एक महीने से अधिक समय तक चलेगी, जिसमें कलाकारों को रोल देकर उनकी रिहर्सल कराई जाएगी। रामलीला मंचन के निर्देशक के के सक्सेना व उप निर्देशक मुकेश भारद्वाज व घनश्याम दास शर्मा होंगे, जबकि रामलीला मंचन के प्रबंध की जिम्मेदारी उमेश शर्मा संभालेंगे। क्लब के सचिव ने बताया कि रामलीला मंचन के बीच में 27 सितंबर को सामाजिक नाटक 'दुल्हन एक रात की' का भी मंचन किया जाएगा, यह नाटक दर्द भरी कहानी पर अधारित होगा, जिसमें मुम्बई एवं दिल्ली तथा क्ल्ब के वरिष्ठ कलाकार अभिनय करेंगे। सचिव ने बताया कि इस वर्ष रामलीला के मंचन को नया रूप देने के लिए साउंड एवं लाइटिंग को और अधिक सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा रामलीला में नए सेट, आकर्षित पोशाकें तथा कुठ नए अच्छे कलाकारों को भी शामिल किया जा रहा है।

### विभिन्न चौराहों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई

# पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था, चलाया जा रहा सर्च अभियान

*भारी वाहनों के लिए यातायात को डायवर्ट किया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों और थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश जारी किए है। रेवाड़ी, बावल व कोसली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए भी अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। जिले के विभिन्न चौराहों और भीड़ भाड़वाले स्थानों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई हैं। जिला पुलिस व सभी सुरक्षा एजेंसियों की ओर से आमजन की सुरक्षा को देखते हुए शहर के मुख्य स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं, गेस्ट हाउस, रिजोर्ट, सराय, ढाबों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, तेल डिपो, बस अड्डा के आसपास सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस ने भीड़भाड़ वाले स्थानों व बस स्टैंड पर यात्रियों को लावारिस वस्तुओं को न छूने की अपील की है। यदि इन स्थानों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई देती है तो इसकी सूचना नजदीकी थाना या डायल 112 पर दी जा सकती है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस नाके लगाए गए हैं तथा राइडर व पीसीआर द्वारा गश्त की जा रही है।



रेवाड़ी। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आईडी चैक करती पुलिस टीम व होटल पर रजिस्टर चैक करती पुलिस टीम।

**गुरुग्राम-दिल्ली यात्रा करने से बचें वाहन चालक**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आमजन की सुरक्षा को लेकर 12 अगस्त शाम 5 बजे से 13 अगस्त दोपहर 1:30 बजे तक तथा 14 अगस्त शाम 5 बजे से 15 अगस्त दोपहर 1:30 बजे तक गुरुग्राम-दिल्ली जाने वाले भारी मालवाहक व वाणिज्य वाहनों के जाने पर रोक लगाई गई है। जिला पुलिस ने सभी भारी वाहन चालकों से इन दिनों में एनएच-48 का प्रयोग करके गुरुग्राम-दिल्ली की तरफ यात्रा करने से बचने तथा अधिक आवश्यकता होने पर एनएच-352 का प्रयोग करने की अपील की है। जिला पुलिस द्वारा जयपुर से दिल्ली-गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहनों को एनएच-48 से एनएच-352 पर डायवर्ट किया गया है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायत सुनते सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार। फोटो: हरिभूमि

## गंदे पानी की निकासी व जलभराव की समस्या के समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के लिए सशक्त मंच बन रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार ने एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की शिकायतें सुनी। सीईओ जिला परिषद ने नैचाना गांव में गंदे पानी से संबंधित आई शिकायत पर विभाग को सड़क के दोनो तरफ पानी की निकासी के लिए नाला बनवाने के निर्देश दिए। भाड़ावास पुल के नीचे जल भराव की शिकायत पर नगर परिषद के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। भठेड़ा गांव में स्कूल की दीवार बनाने की मजदूरी न मिलने की सीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी जांच करके मजदूरी दिलवाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को कल वितरित होंगे प्रमाण पत्र

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को मिट्टी के बर्तन बनाने व आवा लगाने के लिए आरक्षित की गई भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित करने का निर्णय लिया गया है। जिले में 13 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में 57 गांवों के 2573 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगें। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह बुधवार को बाल भवन सभागार मे सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को प्रमाण-पत्र वितरित करेंगे। वहीं राज्य स्तरीय समारोह में कुरुक्षेत्र से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पात्र परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा पंजाब ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) नियमावली, 1964 के नियम 3 (4) के अंतर्गत कुम्हार जाति के उन लोगों के पास मिट्टी उठाने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोगों को प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब पंचायत भूमि में से पांच एकड़ तक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

### सीजन में 10 मलेरिया पॉजिटिव मरीज भी मिले

# अगस्त में एक सप्ताह से एक्टिव हो रहा डेंगू अब तक 37 लोगों को एडीज ने मारा डंक

- सोमवार को 4 डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिलने से बढ़ा आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

गत वर्ष की तरह इस बार भी अगस्त माह में डेंगू के मामलों ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है, जिसका मुख्य कारण पिछले दिनों हुई बरसात से जगह-जगह हुए जलभराव के कारण मच्छरों की संख्या में इजाफा होना है। मच्छरों के प्रकोप के कारण डेंगू व मलेरिया का खतरा काफी बढ़ गया है। सोमवार को जिले में 4 डेंगू पॉजिटिव और मिल गए है, जिससे सीजन में डेंगू का आंकड़ा 37 पर पहुंच गया है। इसके अलावा मलेरिया के 10 केस पहले ही मिल चुके है। डेंगू की बढ़ती संख्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सोर्स रिडेक्शन का कार्य और तेज कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम लगातार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा की जांच कर रही है तथा घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी थमाए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी तक लार्वा मिलने पर करीब 1452 लोगों को नोटिस थमा चुकी है। गत वर्ष जिले में 406 डेंगू व 9 मलेरिया के केस आए थे। जिले में गत वर्ष सबसे ज्यादा 196 डेंगू के केस सितंबर माह के दौरान मिले थे। मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि घरों के बर्तनों, पानी की टंकी व पशुओं खेल में लार्वा की जांच की जा रही है तथा डेंगू केस वाले इलाकों में फोगिंग भी की जा रही है। इसके अलावा अब तक 1425367 घरों में मॉस फीवर सर्वे किया जा चुका है। अब तक डेंगू संभावित बुखार पीड़ित 1667 लोगों के सेंपल भी लिए जा चुके है। अभी तक शहर में 9, सीएचसी गुरावड़ा में 4, सीएचसी मीरपुर में 2, सीएचसी बावल में 8 व सीएचसी खोल में 14 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।




रेवाड़ी। लार्वा मिलने पर पानी का बर्तन खाली करते स्वास्थ्यकर्मी तथा पानी की टंकी में लार्वा की जांच करती स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

#### लार्वा की रोकथाम के किए जा रहे प्रयास



मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए फोगिंग और लार्वा की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा हैं। लोगों को भी डेंगू व मलेरिया के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। ब्रीडिंग चेकर घरों में कूलर, गमले, पशुओं की खेल, पानी की टंकी व फ्रीज-ट्रे सहित अन्य संसाधनों में लार्वा की जांच कर रहे है। - डा. नरेन्द्र दहिया, सीएमओ रेवाड़ी।



रेवाड़ी। सुरेहली गांव में तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने सुरहेली में निकाली तिरंगा यात्रा

- ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया
- यात्रा के समापन पर बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

राजकीय उच्च विद्यालय सुरेहली में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव की गलियों में गूंजते देशभक्ति के नारों तथा लहराते तिरंगों ने पूरे गांव को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के समापन पर बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें नौवीं कक्षा से छात्रा प्रिया ने प्रथम, नौवीं कक्षा के छात्र अंकित ने द्वितीय तथा छठी कक्षा के वंश व सातवीं कक्षा की वंशिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक नरेंद्र सिंह, नरेश कुमार, यशवंत यादव, हुकम सिंह, खजान सिंह, चिमनलाल, अमित कुमार, सुरेश कुमार, देवेन्द्र, सुनीता व संतोष सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## नैतिक रूप से समृद्ध विद्यार्थी देश की सबसे मूल्यवान पूंजी: विपिन

- विपिन शर्मा ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा एवं नशा एक अभिशाप विषय पर एक प्रेरणात्मक व्याख्यान दिया
- नैतिक रूप से समृद्ध विद्यार्थी देश की सबसे मूल्यवान पूंजी होते हैं
- विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव ने विपिन शर्मा का आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को संबोधित करते विपिन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नाहड़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में सोमवार को सेवानिवृत्त जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा एवं नशा एक अभिशाप विषय पर एक प्रेरणात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सबसे पहले संस्कारवान होने की जरूरत है। नैतिक रूप से समृद्ध विद्यार्थी देश की सबसे मूल्यवान पूंजी होते हैं। शर्मा ने बताया कि वे स्वयं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने निजी कोष से विद्यालय को 11000 रुपये की राशि प्रदान की। विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव ने उनका आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता राजपाल यादव, अमित सोलंकी, अंजू बाला, कैलाश चंद, सुनील यादव, कविता शर्मा, आशा यादव, प्रेरणा यादव, सरोज यादव, मुकेश कोहारड़, मधु यादव, संजय शर्मा, इन्फोर्मेशन मैनेजर सतीश यादव, मनोज नठेड़ा, जितेंद्र कुमार, कुलदीप यादव व धर्मा देवी मौजूद थे।



रेवाड़ी। जिला स्तर पर विजेता छात्र शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## दो छात्रों ने एथलेटिक्स में राज्य स्तर के लिए किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। अंडर-19 वर्ग में गगन ने 400 मीटर दौड़ में बेहतरीन प्रदर्शन करके राज्य स्तर पर चयन कराया। अंडर-14 वर्ग में हिमांशु ने लॉन्ग जंप में राज्य स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीता कुमारी ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने छात्रों को राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## राठ स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलों में लहराया परचम

- फुटबॉल में अंडर-19 एवं अंडर-17 टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुंड

राठ इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए है। फुटबॉल में अंडर-19 एवं अंडर-17 टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कबड्डी में अंडर-19 बालक वर्ग ने प्रथम स्थान, अंडर-17 बालक वर्ग ने द्वितीय स्थान, अंडर-17 बालिका वर्ग ने प्रथम स्थान तथा अंडर-14 बालिका वर्ग ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वालीबॉल में अंडर-19 बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल में अंडर-19 बालक वर्ग एवं अंडर-17 बालिका वर्ग दोनों ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। विद्यालय के खेल प्रभारी पवन बडेसरा, योगेश, अनिल, राहुल, अरुण, आशु, सीमा व, जोगिंद्र के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन बलवान सिंह यादव, प्रधानाध्यापिका मंजू यादव, हेड मिस्ट्रेस शिप्रा, कोऑर्डिनेटर आशा यादव, निशा यादव, ज्योति यादव व रिंकू यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। स्कूल के विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## विकास स्कूल की तीन छात्राओं का चयन



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता में सफलता हासिल की है। छात्राओं को चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंडर-19 चेस प्रतियोगिता में करिश्मा, अंडर-17 में विधि तथा अंडर-14 में छात्रा अनु का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन देवेंद्र यादव ने छात्राओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को छात्राओं से प्रेरणा लेने तथा खेलों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर लिया देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली की छात्राओं और अध्यापकों ने सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर गांव की गलियों में मार्च करते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम, तिरंगा शान हमारा, देश की पहचान हमारा के गगन भेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। छात्राओं ने भारत माता की जय के नारे लगाकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह, गांव के सरपंच रामकिशन, प्रवक्ता माया यादव, बाल योगेश्वर, मनीषा यादव, नीलम रानी, सुभाष, रेखा कुमारी, नरेंद्र, सुमन, स्नेहा, कविता, सुनील, पुष्पा, राजबाला, सरिता, सुनीता क्लर्क, सोनू, लता व भूपेंद्र सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थी।



रेवाड़ी। कोसली में तिरंगा यात्रा निकालती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## एसडीओ कार्यालय में खुले दरबार का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

- कोसली डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार लोगों की बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं सुनेंगे
- कोर्ट जा चुके उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर न आए

कोसली के दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम डिवीजन की ओर से 12 अगस्त को गांव पाल्हावास के एसडीओ कार्यालय में खुले दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोसली डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार लोगों की बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही निवारण किया जाएगा। मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक गांव पाल्हावास स्थित बिजली विभाग के एसडीओ ऑफिस में शिकायतें सुनी जाएंगी। ग्रामवासी गलत बिजली बिल, मीटर रीडिंग, कनेक्शन, कम वोल्टेज, ट्रांसफार्मर व पावर कट के बारे में अपनी शिकायत रख सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि बिजली विभाग की शिकायत का मामला कोर्ट में विचाराधीन है, उनका फैसला न्यायालय में ही होगा। कोर्ट जा चुके उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर न आएं। उपभोक्ता अपनी शिकायत को निर्धारित फार्म में भर कर लाएं, ताकि उन पर जल्दी कार्यवाही शुरू हो सकें।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## स्वामी विवेकानंद प्रकृति संरक्षण मंच ने किए पौधे रोपित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

स्वामी विवेकानंद प्रकृति संरक्षण मंच की ओर से पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को गांव तुर्कियावास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला संघचालक रामावतार गौतम ने कहा कि वर्तमान में प्रकृति में आने वाले विकारों के लिए केवल मनुष्य जिम्मेदार है। इसलिए प्रकृति को संतुलित करने का कर्तव्य भी मनुष्य का है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मंच की ओर से औषधीय एवं फलदार पौधों सहित विभिन्न पौधों का रोपण अभियान पर्यावरण के लिए अनुकरणीय पहल है। अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण, देखभाल और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना भी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए भी पौधरोपण व पौधा सरंक्षण की अति महत्ता है। उन्होंने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ग्रमीणों से अनाज व सब्जियों की खेती में रासायनिक पदार्थों का प्रयोग नहीं करने का आह्वान किया। मंच के सरंक्षक इंदिरा गांधी विशवविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पांच गावों में पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



रेवाड़ी। गांव तुर्कियावास में पौधरोपण करते मंच के सदस्य व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गांव के सरपंच नरेंद्र, मनमोहन, प्रवीन, हेमंत, संजय, नफे सिंह, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र, रोहताश, प्रशांत, राजिंदर कुमार, भागमल, हरद्वारी लाल नंबरदार, हंसराज, तेजपाल, नवल किशोर, डा. सुमेर, चांद सिंह, राजीव कुमार, मनीष कुमार, मनिंदर सिंह, किशोरी लाल, मंगत राम, मांगे राम व रोहताश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### समस्या | कस्बे के मुख्य मागों सहित मोहल्लों की गलियों में कचरे के ढेर लगे हैं

# लाखों खर्च करने पर भी सड़कों पर कचरे के ढेर धारूहेड़ा में फेल हो रहा स्वच्छता का संदेश

- लोगों की ओर से नपा चेयरमैन व उप प्रधान सहित अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धारूहेड़ा

सरकार की ओर से स्वच्छता अभियान के नाम पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर व दीवारों पर स्लोगन लिखकर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों में रैली और कार्यक्रमों के माध्यमों से लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, लेकिन कस्बे में स्वच्छता मिशन पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है।

कस्बे की सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के मुख्य मागों सहित मोहल्लों की गलियों में कचरे के ढेर लगे हैं। गंदगी के कारण जहां लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मच्छर पनपने से बीमारियां फैलने लगी हैं। कस्बे में कई जगह गंदा पानी भी जमा हो रहा है। लोगों की ओर से नपा चेयरमैन व उप प्रधान सहित अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नगर पालिका की ओर से कस्बे में सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा हैं, लेकिन धरातल पर सफाई नजर नहीं आ रही है।

लोगों को कहना है कि नगरपालिका की फाईलों में 132 सफाई कर्मियों की संख्या है, लेकिन मौके पर 30 ज्यादा सफाई कर्मी ही नजर आते है बाकि सफाई कर्मियों की केवल हाजिरी लगाई जा रही है। कस्बे के सार्वजनिक शौचालय भी गंदगी से सरोबार है। इन पर भी सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि सफाई नहीं होने पर भी उनसे चार्ज वसूला जा रहा है। मोहल्ले व कॉलोनियों में नालियां भी कचरे से अटी हुई है, जिससे पानी की निकासी भी बंद हो गई है। लोगों ने स्वयं के पैसे से मजदूर लगाकर मकानों के आसपास साफ-सफाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा पार्षदों से शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है।




रेवाड़ी। धारूहेड़ा की गली में लगा गंदगी का ढेर तथा धारूहेड़ा में जमा कचरे में मुंह मारती गाय। फोटो : हरिभूमि